तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 12.0 डिग्री

हरिभूमि
# कांकेर भूमि
रायपुर, शनिवार 23 दिसंबर 2023

[ भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा ]

10 मुख्यमंत्री साय ने अफसरों की वर्चुअल बैठक ली, दिए निर्देश



12 बार एसोसिएशन भवन के शीघ्र निर्माण...




## खबर संक्षेप

### भारत बंदः कोयलीबेड़ा में बाजार व दुकानें बंद रहीं



**कोयलीबेड़ा।** विकासखण्ड मुख्यालय कोयलीबेड़ा में भारत बंद का असर देखने को मिला। यहां का साप्ताहिक बाजार 22 दिसंबर को पूरी तरह बंद रहा। भारत बंद का असर कोयलीबेड़ा क्षेत्र में देखने को मिला। आसपास क्षेत्र के सब्जी, तंबाकू, मछली और खाई खजाना के दुकानदार बाजार में अपनी दुकान लगाने के लिए पहुंचे थे। बाद में बाजार स्थल में दुकान न लगाकर कुछ दुकानदार सड़क के किनारे दुर्गा चौक एवं ग्राम पंचायत चौक में दुकान लगाकर अपनी सामानों की बिक्री किया, जिसमें ज्यादातर देहाती सब्जी की दुकाने थी। कोयलीबेड़ा की सभी स्थानीय दुकान खुली रही। भारत बंद को लेकर कोयलीबेड़ा से कांकेर जाने वाली यात्री बस का पहिया भी थमा रहा। बाजार के लिए बाहर से आने वाले बाजार गाड़ियों का सुबह 10 बजें से कोयलीबेड़ा पहुंचना प्रारंभ हो जाता है। बंद के कारण गाड़ियां नहीं पहुंची। कोयलीबेड़ा से अंतागढ़ यात्री बस सहित सवारी टैक्सी भी नहीं चली।

### उपचार पूर्व नाबालिग की हुई मौत, कारण अज्ञात

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत पीव्ही 15 निवासी 15 वर्षीय पूजा महंत पिता कृष्णा गोपाल का अज्ञात कारणो के चलते 21 दिसंबर कि रात सवा 11 बजें मौत हो गया। सीएचसी पखांजुर के वार्ड बॉय ने अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतिका को ईलाज के लिए अस्पताल में लाया गया था, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले उसकी मौत हो गई थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

**सियासत :** बस्तर संभाग से सामान्य वर्ग से पहली बार किरणदेव बने भाजपा प्रदेशाध्यक्ष

# भाजपा की कमान बस्तर के युवा हाथों में संगठन में फेरबदल व कर्मठों को मौका

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

छत्तीसगढ़ में राज्य बनने से लेकर अब तक 11 प्रदेश अध्यक्ष बन चुके हैं। बस्तर के किरण देव 12 वें प्रदेश अध्यक्ष बने।

- मुख्यमंत्री विष्णु देव और प्रदेशाध्यक्ष किरण देव की जोड़ी करेगी की कमाल
- काम न करने वालों को प्रशिक्षण देकर लायक बनाया जाएगा

अभी तक 11 बार के प्रदेश अध्यक्ष में विष्णुदेव साय 3 बार प्रदेश अध्यक्ष रहे। पहले और दूसरे प्रदेश अध्यक्ष ताराचंद साहू और डॉ. रमन सिंह दुर्ग संभाग से थे। विक्रम उसेंडी के एक वर्ष के कार्यकाल को छोड़ दें, तो पूरे समय सरगुजा और बिलासपुर संभाग से प्रदेश अध्यक्ष रहे हैं।

प्रदेश को चलाने के लिए भाजपा ने सरगुजा को वहीं भाजपा के संगठन को मजबूत करने के लिए बस्तर को मौका दिया। दोनो देव यानी मुख्यमंत्री विष्णु देव और प्रदेशाध्यक्ष किरण देव मिलकर नई गाथा लिखने की नींव रखेंगे और इसके सकारात्मक परिणाम भी आने वाले समय में देखने को मिलेंगे। प्रदेशाध्यक्ष किरण देव को संगठन में काम करने का बहुत अनुभव रहा है, बस्तर संभाग के 12 विधानसभा के एक एक मंडल की कार्यशैली से पूरी तरह से वाकिफ है। इसके अलावा दुर्ग और बिलासपुर के प्रभारी रहकर उन ईलाकों की गहरी जानकारी है।

भाजपा संगठन पहले से कई गुना मजबूत होगा, यह तय है। काम करने वालों को मौका मिलेगा और काम न करने वालों को प्रशिक्षण देकर काम करने लायक बनाया जाएगा। परिवार से बाहर किसी को नहीं किया जाएगा, परिवार में रखकर सभी को ठीक किया जाएगा, यह शैली नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष की रही है। वे सदैव यही कहते थे कि व्यक्ति से ज्यादा पार्टी जरूरी है और पार्टी के लिए काम करेंगे, तभी आपका महत्व है।


भारतीय जनता पार्टी
Bharatiya Janata Party
दिनांक : 21 दिसम्बर, 2023
संगठनात्मक नियुक्ति
यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू होगी।
(अरुण सिंह)
राष्ट्रीय महासचिव एवं
मुख्यालय प्रभारी
माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष जी
माननीय राष्ट्रीय महामंत्री (संगठन)



### प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने के पीछे की वजह

भाजपा ने सत्ता की कमान आदिवासी को सौंपी है। ऐसे में प्रदेश अध्यक्ष की नियुक्ति के मामले पार्टी के लिए पूरा मैदान खुला था। पार्टी एसटी, ओबसी या सामान्य किसी भी वर्ग से प्रदेश अध्यक्ष बना सकती थी। इस वजह से पार्टी ने इस बार सामान्य वर्ग से आने वाले किरण देव को प्रदेश अध्यक्ष बना दिया। पार्टी नेताओं के अनुसार किरण देव की शैली आक्रामक है और कुशल संगठनकर्ता हैं। किरण देव बस्तर के क्षत्रिय परिवार से आते हैं, लेकिन बस्तर के आदिवासियों में उनका अच्छा प्रभाव है और वो लोकप्रिय भी हैं। जानकारों के अनुसार आदिवासी उन्हें पूरा सम्मान देते हैं। विधानसभा चुनाव में रिकार्ड मतो से जीत उनकी इसी लोकप्रियता का परिणाम है। पार्टी नेताओं के अनुसार भाजपा अब सभी राज्यों में दूसरी पंक्ती के नेताओं को आगे कर रही है। ऐसे में छत्तीसगढ़ में किरण देव के रुप में पार्टी को बेहतर विकल्प दिखा।

### प्रदेश अध्यक्ष का सियासी सफरनामा

किरण देव रियासत कालीन जमींदार परिवार से ताल्लुकात रखते हैं। उन्होंने बीएससी एलएलबी तक की पढ़ाई की है। किरण देव वर्ष 1990 में जगदलपुर जिला न्यायालय में अधिवक्ता की भूमिका में रहे। वर्ष 1986-87 में शासकीय महाविद्यालय जगदलपुर के छात्र संघ के अध्यक्ष बने। वर्ष 1997 में भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष के रूप में पहला संगठन का दायित्व का निर्वहन किया। 2002 में भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष के रूप में नियुक्ति हुई। प्रदेश की कार्य समिति के सदस्य भी रहे। इसके बाद 2010 में पार्टी ने जगदलपुर महापौर का टिकट दिया जिसमें 26000 मतों से विजयी रहे। इसके बाद भारतीय जनता पार्टी में प्रदेश के कार्यकारिणी से लेकर प्रदेश महामंत्री बने। इसके अलावा बस्तर संभाग के सभी जिलों के अलावा दुर्ग और बिलासपुर संभाग के प्रभारी भी रहे। 2023 के विधानसभा चुनाव के दौरान वे बिलासपुर संभाग के प्रभारी थे।

### भाजपा ने संतुलन बनाने किया प्रयास

प्रदेश में प्रमुख विपक्षी पार्टी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज आदिवासी हैं और बस्तर संभाग से आते हैं। ऐसे में भाजपा ने भी प्रदेश अध्यक्ष बस्तर से देकर कैबिनेट में संतुलन बनाने का प्रयास किया है। इस बार बस्तर संभाग की 12 में से भाजपा ने 8 सीटें जीती है। संभाग से प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने के बाद मंत्रिमंडल में बस्तर संभाग से केवल केदार कश्यप को ही मौका दिया गया है।

# अभद्रता पर राहुल गांधी का नरहरपुर भाजपा मंडल ने किया पुतला दहन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नरहरपुर

संसद भवन में विपक्षी सांसदों द्वारा देश के उप राष्ट्रपति जगदीप धनकड़ के अपमान किए जाने के विरोध में भाजपा मंडल नरहरपुर द्वारा कांग्रेस नेता व सांसद राहुल गांधी एवं टीएमसी सांसद का संगम चौक में पुतला फूंक कर जमकर विरोध प्रदर्शन किया गया।

भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश संचेती ने बताया कि संसद में निलंबित विपक्षी सांसद संसद भवन के बाहर प्रदर्शन कर रहे थे, तभी टीएमसी के सांसद कल्याण बनर्जी ने उप राष्ट्रपति जगदीप धनकड़ को अपशब्दों का इस्तेमाल करते हुए उनका अपमान किया। कांग्रेस नेता व सांसद राहुल गांधी ने इस पुरे घटना का विडियो बनाया व इस घटनाक्रम में शामिल रहे। देश के संसदीय गरिमा को देश का विपक्ष लगातार शर्मसार कर रहे, वही कांग्रेस नेता व सांसद राहुल गांधी का ऐसे मामलो में शामिल होना उनकी विक्षिप्त मानसिकता को दर्शाता है। पूर्व में भी कई बार राहुल गांधी ने सदन में अव्यवहारिक हरकतों के कारण विवादों से घिरे रहे हैं तथा स्वयं का मजाक बनाने पर कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते हैं। देश का विपक्ष अपने विपक्षी दायित्वों से अलग देश विरोधी व संसदीय गरिमा के खिलाफ काम करते नजर आ रहा जो की उनकी मानसिक दीवालिएपन को दर्शाता है। राहुल गांधी व विपक्षी सांसदों के इस कृत्य को लेकर भाजपा मंडल नरहरपुर द्वारा संगम चौक नरहरपुर में राहुल गांधी का पुतला दहन कर जमकर विरोध प्रदर्शन किया गया।

विरोध प्रदर्शन में मंडल महामंत्री संतोष भास्कर, धनेश कौशिक, उपाध्यक्ष लक्ष्मी नारायण साहू, सह कोषाध्यक्ष हेमंत साहू, ज़िला कार्यकारिणी सदस्य विजयेंद्र शुक्ला, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष भोपेश नेताम, ज्ञान साहू, नितेश मगेन्द्र, पार्षद भागवत शोरी, रंगीता उईके, अनुसूचित जाति मोर्चा मंडल महामंत्री राजेश नाग, रामकुमार पटेल, पूर्व पार्षद रेवती सिन्हा, उमा सिन्हा, रूखमणी सिन्हा, नरेश मंडावी, हरिहरण देवांगन, द्वारिका सोनी, मोहन कुंजाम, गंगू भातदाज मदन, मोहन शर्मा उपस्थित रहे।



## खबर संक्षेप

### जलजीवन मिशन का शुद्ध पानी लक्ष्मी के घर पहुंचा

**कांकेर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत जिले के कांकेर विकासखंड के गांव तेलावट में शिविर आयोजित किया गया, जहां मेरी कहानी मेरी जुबानी के जरिए जलजीवन मिशन अंतर्गत लाभान्वित हितग्राही लक्ष्मी चिराम ने बताया कि पहले घर के नजदीक पेयजल का कोई साधन नहीं था और पीने के पानी के लिए उन्हें दूर जाना पड़ता था। इसके कारण समय व श्रम भी अधिक लगता था और पानी लाने में अन्य परेशानियों का सामना करना पड़ता था। उन्होंने बताया कि जब से घर में जलजीवन मिशन के तहत नल कनेक्शन लगा है, तबसे उन्हें पीने के स्वच्छ पानी के लिए भटकना नहीं पड़ता। अब घर में ही सुबह और शाम साफ पेयजल मिलता है, जिससे समय व श्रम की बचत भी होती है। लक्ष्मी चिराम अब घर में ही पेयजल मिलने पर बहुत खुश हैं। उन्होंने इसके लिए केन्द्र सरकार और इस योजना के प्रति आभार प्रकट किया।

### नवीन ने कांग्रेस से दिया इस्तीफा

**जगदलपुर।** कांग्रेस नेता नवीन सिंह ने बस्तर जिला कांग्रेस शहर जिलाध्यक्ष सुशील मौर्य को इस्तीफा दे दिया है।

### 3 फरवरी से सात दिवसीय शिव महापुराण महोत्सव

**जगदलपुर।** सनातन धर्म प्रचार समिति के तत्वावधान में दूसरी बार लालबाग मैदान में विशाल शिव महापुराण महोत्सव आयोजित किया जा रहा है। यह धार्मिक अनुष्ठान 3 से 9 फरवरी 2024 तक आयोजित है। शिव कथा का यह विशाल महोत्सव शहर की जनता के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। सनातन धर्म प्रचार समिति के प्रवीण साहू ने बताया कि आगामी 3 से 9 फरवरी तक चलने वाले सात दिवसीय शिव महापुराण महोत्सव के कथा वाचक राधे निकुंज आश्रम जंजगिरी के आचार्य नारायण होंगे। अनुष्ठान प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक जारी रहेगा। बताया गया कि 10 फरवरी को यज्ञ, हवन पूर्णाहुति पश्चात भंडारा आयोजित किया जाएगा।

### सहायता राशि स्वीकृत

**जगदलपुर।** कलेक्टर विजय दयाराम के. द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा पीड़ित परिवारों को 16 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। जिसके तहत तहसील भानपुरी ग्राम बाकेल निवासी शकिना और चोरोबाई की मृत्यु पानी में डूबने से पिता देवलाल कश्यप को, ग्राम केशरपाल निवासी बुदन्ती बेवा की मृत्यु पानी में डूबने से पुत्री व पुत्र को और ग्राम भानपुरी निवासी मंगतु कश्यप की मृत्यु पानी में डूबने से पत्नी तुलसी कश्यप को चार-चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि की स्वीकृति दी गई है।

### चौक चौराहों को व्यवस्थित करने समिति गठित

**जगदलपुर।** चौराहों के शहर के नाम से जाने जाना वाला शहर के गरिमा को बरकरार रखने के उद्देश्य से शहर के सभी प्रमुख चौक चौराहों को सुव्यवस्थित करने के लिये आयुक्त हरेश मंडावी ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों के समिति का गठन किया है।
गठित समिति के द्वारा शहर के सभी चौक चौराहों का स्थल निरीक्षण कर सभी प्रकार के गतिविधियों की जांच कर यातायात के दबाव को व्यवस्थित करने, अव्यवस्थित ढंग से हुए अतिक्रमण को हटाने सहित चौक चौराहा को बड़ा करने के साथ सौंदर्यीकरण करने संबंधी एवं व्यवस्था को सुदृढ़ करने कार्य योजना तैयार कर नस्ती को प्रस्तुत करेंगे।

### महाविद्यालय के छात्रावास भवन में सुरक्षा बल का कब्जा

**जगदलपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम महाविद्यालय जगदलपुर में छात्रावास की मांग के लिए शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय के कुलपति के नाम मांगपत्र कुलसचिव को सौंपा। प्रदेश सहमंत्री शैलेष धुरव ने बताया कि यह एक मात्र अंग्रेजी माध्यम का शासकीय महाविद्यालय है। जिसमें बस्तर संभाग के अलग-अलग क्षेत्रों के विद्यार्थी अध्ययन करते हैं।

# शोभायात्रा निकाली, लोहत्तर में राज्य स्तरीय मानस गान प्रतियोगिता का शुभारंभ

## प्रतिभागी मंडलियों के लिए आकर्षक पुरस्कार घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

बस्तर क्षेत्र के अंतिम छोर ग्राम लोहत्तर ब्लॉक दुर्गुकोंदल के में जय माँ शीतला जन जागृति सेवा समिति लोहत्तर के तत्वाधान में राज्य स्तरीय मानस गान प्रतियोगिता का शुभारम्भ माँ शीतला के आशीर्वाद सें प्रारम्भ हुआ। शीतला माई मंदिर प्रांगण सें कलश यात्रा लोहत्तर के चौराहो पर ढ़ोल बाजे के साथ निकालते हुए आयोजन स्थल मानस मंच तक भव्य कलश यात्रा निकाली गई।

तीन दिन तक चलने वाले मानस मेला में छत्तीसगढ़ के प्रख्यात मानस मण्डलीयां प्रस्तुति देंगी। मंगलाचरण जय माँ सोनादाई मानस परिवार लोहत्तर के मानस मण्डली द्वारा किया गया।



प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग एवं महिला वर्ग का पुरुस्कार प्रथम 2101 रूपए, द्वितीय 1501 रूपए व तृतीय 1101 रूपए रखा गया है। आयोजन में राम रस श्रवण करने बस्तर सहित पानाबरस, मोहला मानपुर क्षेत्र से श्रद्धालु शामिल होते है और राम रस ग्रहण करतें है। सभी श्रद्धालुओं के लिए माता कौशल्या भोजनालय में भोजन व्यवस्था किया जाता है, जहाँ आयोजन प्रारम्भ से अंतिम तक निःशुल्क भोजन प्राप्त होता है। शुभारम्भ कार्यक्रम में ग्राम के गायता पुरुषोतम देहारी, पटेल कंवल दिवान, सरपंच बसंती भालेश्वर, सचिव कंशकुमार चुरेन्द्र, आयोजन समिति के अध्यक्ष शुद्धन भालेश्वर, सचिव गौतम देहारी, मेहत्तर राम दीवान, मोतीलाल भालेश्वर, शिवलाल मंडावी, कार्यालय प्रभारी मन्नु गढ़िया, प्रवीण दुग्गा, तेजप्रताप आमले, जागेश्वर कोमरा सहित ग्राम लोहत्तर के समस्त ग्रामवासी शामिल हुए।

## प्रशासन : बैठक में उपमुख्यमंत्री अरुण साव और विजय शर्मा हुए शामिल

# मुख्यमंत्री साय ने अफसरों की वर्चुअल बैठक ली, दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी जिलों के कमिश्नर एवं कलेक्टर की बैठक लेकर जनहित में कार्य करने और कानून व्यवस्था बनाए रखने आवश्यक निर्देश दिए। राजधानी में आयोजित बैठक में उप मुख्यमंत्री अरुण साव एवं विजय शर्मा उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री साय ने कहा कि 25 दिसम्बर को पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेयी का जन्मदिन है, जिसे राष्ट्रीय सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाता है। सुशासन दिवस के दिन आयोजित कार्यक्रम में किसानों को बोनस राशि का वितरण किया जाना है, इसके लिए आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि केबिनेट की पहली बैठक में राज्य के



18 लाख हितग्राहियों को पक्का आवास देने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए सभी अधिकारियों को पात्र व्यक्तियों का चयन करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि नागरिकों को जाति प्रमाण पत्र बनवाने एवं राजस्व संबंधी अन्य कार्यों में किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। इसलिए राजस्व प्रकरणों का त्वरित निराकरण करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के सभी जिलों में कानून व्यवस्था दुरूस्त होनी चाहिए साथ उन्होंने अवैध शराब, जुआ सट्टा जैसे सभी अपराधों पर कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

कार्यक्रम में जिला कार्यालय स्थित एनआईसी कक्ष में एडीएम एस अहिरवार, जिला पंचायत सीईओ सुमित अग्रवाल एवं सीएमएचओ डॉ. अविनाश खरे शामिल रहे।

### धान बोनस की राशि अंतरण के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

**कांकेर।** शासन से प्राप्त निर्देशानुसार वर्ष 2014.15 एवं 2015.16 धान बोनस की राशि का अंतरण किसानों के खातों में किये जाने के लिए ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम स्थल पर आवश्यक व्यवस्था के लिए अधिकारियों को सौंपे गए हैं दायित्व। कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला द्वारा विकासखण्ड स्तरीय कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को संबंधित अनुभाग ब्लॉक का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। धान बोनस राशि का अंतरण के लिए कार्यक्रम स्थल पर आवश्यक व्यवस्था किए जाने अधिकारियों को दायित्व सौंपे गए हैं। सभी समितियों में राशि की उपलब्धता सुनिश्चित करना एवं प्रमाण पत्र तथा आवश्यक व्यवस्था के लिए सहायक उप पंजीयक सहकारिता सूरज दुग्गे और जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित जगदलपुर के नोडल अधिकारी मनोज वानखेड़े को दायित्व सौंपा गया है। इसी प्रकार सभी ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए आवश्यक नेटवर्क व्यवस्था करने ई डिस्ट्रिक्ट मैनेजर चिप्स कांकेर, हितग्राहियों को कार्यक्रम स्थल पर लाने एवं वापसी की आवश्यक व्यवस्था उप संचालक कृषि एनके नागेश और जिला खाद्य अधिकारी जन्मेजय नायक तथा सभी ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम स्थल पर पेयजल की व्यवस्था के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी कांकेर के कार्यपालन अभियंता बीएन भोयर को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# मुर्गा बाजार से लौटता वाहन पलटा, दो घायल चालक के खिलाफ रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

अंतागढ़ थानांतर्गत पेवारी मोड़ के पास मुर्गा बाजार से वापस आते समय बोलेरो वाहन के चालक ने अपनी वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए एक्सिडेंट कर दिया, जिससे वाहन पलट गई। वाहन के पलटने से दो लोगो को चोट आई है। घायल को ईलाज के लिए प्राईवेट वाहन से अस्पताल पहुंचाया गया।

गढ़पारा अंतागढ़ निवासी 40 वर्षीय आनंद मंडावी पिता बंशीलाल मंडावी ने पुलिस को बताया कि 21 दिसंबर को मैं और मेरा बेटा यश मण्डावी तथा मेरे दामाद का दोस्त डेविड ठाकुर मुर्गा बाजार पेवारी जाने के लिए वीर नारायण चौक के पास खड़े थे। तभी बोलेरो वाहन क्रमांक सीजी 05 एजी 5476 का चालक हिमोड़ा निवासी ऋगवेद मण्डावी आया और मुझे पुछा कि कहां जा रहे हो। मेरे द्वारा बताया गया कि मुर्गा लड़ाई देखने पेवारी जा रहे है। बोलेरो वाहन चालक बोला कि वो भी वही जा रहा है। अपने बोलेरो में बैठाकर पेवारी मुर्गा बाजार ले गया। मुर्गा लड़ाई देखकर वापस आते समय 21 दिसंबर को दोपहर करीबन 12 बजे पेवारी के आगे मोड़ के पास बोलेरो वाहन क्रमांक सीजी 05 एजी 5476 का चालक ऋगवेद मण्डावी द्वारा तेजी एवं लापरवाही




पूर्वक वहान को चलाते हुए वाहन से नियंत्रण खो बैठा। वाहन कि गती तेज होने के कारण चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा और वाहन पलट गई। वाहन के पलट जाने से मेरे दोनो हाथो, नाक व माथा में तथा डेविड ठाकुर के माथे मे चोट लगा है, जिसे ईलाज के लिए प्राईवेट वाहन से अंतागढ़ अस्पताल पहुंचाया गया। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 279, 337 आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

# शहीद गेंदसिंह कालेज में गणित दिवस पर व्याख्यान आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा

विकासखण्ड चारामा के शासकीय शहीद गेंदसिंह महाविद्यालय में गणित विभाग एवं आईक्यूएसी के द्वारा राष्ट्रीय गणित दिवस के अवसर पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। भारत सरकार द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के द्वारा मद्रास विश्वविद्यालय के 125 वीं वर्षगांठ के समारोह में सन 2012 से पूरे भारत में राष्ट्रीय गणित दिवस का आयोजन विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं में किया जाता है।

इस अवसर पर गणित विभाग के सहायक प्राध्यापक डोमेश केमरो द्वारा श्रीनिवास रामानुजन के जीवनी पर अपने विचार रखें, जिसमें रामानुजन के विलक्षण प्रतिभा व गणित जगत में उसके अभूतपूर्व योगदान को याद किया गया व साथ ही कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर जीएच हार्डी और रामानुजन द्वारा उनके योगदान को भी याद किया गया। श्रीनिवास रामानुजन ने मात्र 33 वर्ष के उम्र में 3884 प्रमेयों का संकलन किया, उनके इस अद्वितीय योगदान के लिए 22 दिसम्बर को राष्ट्रीय गणित दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर महाविद्यालय के रवीन्द्र सिंह चन्द्रवंशी ने कहा कि राष्ट्रीय गणित दिवस का एक और उद्देश्य गणित के प्रति लोगों के भय को दूर करना भी है। इसके साथ ही अर्थशास्त्र में गणित के विभिन्न आयामों पर छात्रों को जानकारी दी। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. केके मरकाम ने श्रीनिवास रामानुजन के जीवन संघर्ष और गणित के प्रति उनके असीम प्रेम ,रायल सोसायटी और ट्रिनिटी कॉलेज के फेलोसिप के बारे में बताया। इस दौरान एमएल नेताम सहायक प्राध्यापक राजनीति, महेश कतलाम सहायक प्राध्यापक इतिहास, नरेश साहू एवं महाविद्यालय के छात्र छात्राऐं उपस्थित रहे।

# दुर्गूकोंदल जनपद की सामान्य सभा में कृषि व शिक्षा पर चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

विकासखण्ड दुर्गुकोंदल अंतर्गत जनपद पंचायत दुर्गुकोंदल में जनपद अध्यक्ष संतो दुग्गा के अध्यक्षता में सामान्य सभा की बैठक आयोजित की गई। आयोजित बैठक में सभी विभाग की अधिकारी उपस्थित हुए और अपने अपने विभाग की जानकारी दी।

बैठक में कृषि से संबंधित और शिक्षा व्यवस्था के सम्बन्ध में चर्चा किया गया। पानी टैंकर के विषय में किसी जनपद प्रतिनिधियों को जानकारी नही हैं, वह डीएमफ से विधायक की अनुसंशा से स्वीकृत हुआ हैं और सम्बन्धित फर्म को वसूली के लिए आदेश जारी हो गया हैं।

इसके अलावा जनपद पंचायत दुर्गुकोंदल क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न निर्माण कार्यों की समीक्षा की गई। ग्राम पंचायत खुटगांव के सरपंच स्वर्गीय सगनी तुलावी एवं ग्राम पंचायत तरहुल के सरपंच सरिता खड़डे की आकस्मिक निधन होने पर सभा स्थल में श्रद्धांजलि दी गई। बैठक में जनपद अध्यक्ष संतो बाई दुग्गा, उपाध्यक्ष मनीष मण्डावी, जनपद सदस्य सभापति देवेन्द्र टेकाम, सभापति जोहन गावडे, सभापति नागसाय तुलावी, सभापति देवलाल नरेटी, सभापति राधा बाई जैन, सभापति धनीराम ध्रुव, मुकेश्वरी नरेटी, सीईओ नीलम उयके, लेखपाल कांता ठाकुर एवं सभी विभाग के प्रभारी अधिकारी, सरपंच चिखली संदेर उसारे, सरपंच हमतवही अजित दुग्गा, अशोक जैन उपस्थित रहे।

# विकसित भारत पर कन्या कॉलेज में हुआ सेमिनार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

विकसित भारत विषय पर शासकीय इंदरू केंवट कन्या महाविद्यालय कांकेर में 21 दिसंबर को सेमिनार हुआ, जिसमें महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य प्रो. जेके बारले की अध्यक्षता में कार्यक्रम का शुभारंभ मॉ सरस्वती की छायाचित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। छात्राओं द्वारा अपने विचार व्यक्त किए और शंकाओं का समाधान भी किया गया।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के रश्मि नाग द्वारा उक्त विषय पर



रिसार्स परसन के रूप में अपना वक्तव्य दिया। प्रो. मनोज गोटी ने कहा कि अर्थव्यवस्था सुधार के साथ साथ संस्कृति तथा मानवता को बनाए रखने पर जोर दिया। प्रो. रिना जामुनकर ने इंटरप्रेन्यूर के विषय में जागरूक होने की बात कही तथा ज्यादा से ज्यादा लोग थियोरी को प्रेक्टिकल के रूप में समझने एवं स्किल के निर्माण के बारे में जोर देने की बात कही। प्रो. सुनिल साहू ने ई भारत में अधिक रोजगार सृजन कैसे कर सकते है इस बारे में बताया। प्राभारी प्राचार्य ने भारत को विकसित बनाने में अपना योगदान देने के लिए युवाओं को प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान प्रो. योगराज साहू, प्रो. आरती मरकाम, गौरीशेंकर बघेल व छात्रा वर्षा, राखी, वंदना, अंकिता, अलीमा, काजल, यांकिता एवं अन्य छात्राएं उपस्थित रहे।

## बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं कार्यक्रम को सफल बनाने की पहल

# कोड़े एवं हामतवाही में चलाया गया जन जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

विकासखण्ड दुर्गुकोंदल अंतर्गत जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग के निर्देशन में परियोजना दुर्गुकोंदल के अंतर्गत महिला बाल विकास विभाग के सेक्टर कोड़े एवं हामतवाही में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम तहत जन जागरूकता अभियान चलाया गया।

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम उद्देश्य लक्ष्य के छह बिंदुओं पर सेक्टर पर्यवेक्षिका देवकुमारी परिहार एवं भानुमति राणा के द्वारा विस्तार से बताया गया। एएनएम प्रीति मरकाम ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ में14 से 18 वर्ष के किशोरी बालिकाओं को आयोजन के उद्देश्य एवं लक्ष्य अंतर्गत लिंगानुपात, संस्थागत प्रसव में सुधार, एएनसी पंजीकरण में वृद्धि, बालिकाओं का कौशल विकास, बालिकाओं के बीच ड्रॉपआउट दर की जाँच व सुरक्षित मासिक धर्म, व्यक्तिगत स्वच्छता व प्रबंधन के बारे में जागरूकता बढ़ाने में व उनके अधिकार संबंधी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में लगभग 65 बालिकाओं ने भाग लिया, जिसमें साला त्यागी बालिकाओं ने कार्यक्रम में भाग लिया व रैली निकाली गई। प्रश्नोत्तरी बेटी



बचाओ बेटी पढ़ाओ से संबंधित चित्रकारी प्रतियोगिता रखी गई थी, जिसमें विजेता बालिकाओं को प्रथम द्वितीय व तृतीय और विशेष पुरूस्कार वितरित किया गया। साल त्यागी सभी बालिकाओं को सेनेटरी पेड वितरण कर जन जागरूकता किया गया। कार्यक्रम में सरपंच कीर्ति राणा, भानुमति राणा, सरिता राजपूत, यशोदा केसरिया, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका विश्वास सिंहा, प्रीति साहू, हरसो पदमा, राजकुमारी नेताम, रामवती एवं समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कोविड जांच व उपचार सुविधा को सुदृढ़ बनाने निर्देश जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

भारत के केरल एवं अन्य राज्यों में कोरोना के नए वेरिएंट वायरस जेएन 1 का फैलाव होने के कारण आगामी नव वर्ष एवं त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला के निर्देशानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अविनाश खरे के द्वारा कोविड 19 संक्रमण के रोकथाम एवं प्रबंधन के लिए भारत सरकार स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा जारी दिशा निर्देश का जिले के समस्त शासकीय स्वास्थ्य केन्द्रों में पालन किए जाने के लिए निर्देश जारी किए गए हैं। जिले के समस्त शासकीय स्वास्थ्य केन्द्रों में कोविड 19 जांच एवं उपचार की सुविधा को पुनः सुदृढ़ किये जाने के लिए निर्देशित किया गया है तथा सभी विकासखण्ड को कोविड 19 के दैनिक जांच के लिए पत्र के माध्यम से लक्ष्य जारी किया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि कोविड बीमारी राज्य में नियंत्रण में है तथा अनावश्यक घबराने की आवश्यकता नहीं है, परन्तु सावधानी बरतना आवश्यक है। पूर्व में जारी कोविड संबंधी दिशा-निर्देशों तथा कोविड अनुरूप व्यवहार जैसे मास्क लगाना, साबुन से हाथ धोना, सेनिटाइजर का उपयोग करना, सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करना, संभावित लक्षण वाले व्यक्तियों से दूरी बनाकर रखना इत्यादि नियमों का पालन करें। साथ ही सर्दी, खांसी, बुखार या श्वास में तकलीफ होने पर नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, जिला अस्पताल, मेडिकल कॉलेज कांकेर में उपस्थित होकर जांच एवं उपचार कराने के लिए उनके द्वारा आग्रह किया गया है।

### प्रेम थवानी को भाजपाइयों ने दी श्रद्धांजलि

**जगदलपुर।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में गुरूवार को दिवंगत वरिष्ठ भाजपा नेता स्व. प्रेम थवानी के तैल चित्र में माल्यार्पण कर कार्यकर्ताओं ने दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी और संगठन के प्रति उनके समर्पण व कार्यो को याद किया गया। जिला अध्यक्ष रुपसिंह मण्डावी ने कहा कि प्रेम थवानी का नहीं रहना हम सभी के लिये अपूरणीय क्षति है। वरिष्ठों का मार्गदर्शन कार्यकर्ताओं के लिये सदैव आवश्यक होता है। जिला महामंत्री श्रीनिवास मिश्रा ने प्रेम थवानी के जीवन व संगठन में उनके दायित्वों पर प्रकाश डाला। संचालन महामंत्री रामाश्रय सिंह ने किया। इस दौरान श्रीनिवास राव मद्दी, रमन चौहान, मनोज ठाकुर समेत अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## किरण देव के प्रदेश अध्यक्ष बनने पर भाजपाइयों ने मनाई खुशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नकुलनार



भारतीय जनता पार्टी ने छत्तीसगढ़ में पार्टी की कमान किरण सिंहदेव को सौंपने की खबर जैसे ही सामने आई। नकुलनार में भाजपाइयों ने आतिशबाजी के साथ मिठाई बांट खुशी मनाई। मौके पर उपस्थित वरिष्ट भाजपा नेता रामबाबू सिंह गौतम ने बताया कि किरण देव के प्रदेश अध्यक्ष बनाये जाने से दंतेवाड़ा जिले सहित पूरे प्रदेश में हर्ष का मौहाल है। देव सदैव पार्टी हित के लिए कई पदों पर कार्य कर चुके है। वे छत्तीसगढ़ के जगदलपुर से पहली बार विधायक निर्वाचित हुए हैं, लेकिन बीते कई सालों से पार्टी के लिए काम करते रहे हैं। पहली बार विधायक बने किरण देव को अब पार्टी ने प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी है। इस मौके पर विपिन परिहार, अमित भदौरिया, गोल्डी चौहान, अमितेश सहित अन्य भाजपाई मौजूद रहे।

## अतिसंवेदनशील पंचायतों में पहुंचा प्रचार वाहन

# बच्चों का उत्साह देख प्रभावित हुए भारत सरकार के संयुक्त सचिव





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत केन्द्र सरकार की योजनाओं से संबंधित प्रचार वाहन मोदी की गारंटी की गाड़ी गुरूवार को जिले से 65 किलोमीटर दूर ग्राम तालनार पहुंची तो ग्रामीणों में खासा उत्साह देखा गया।

जहां बड़ी संख्या में ग्रामीण उत्साहपूर्वक विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल हुए। भैरमगढ़ के ग्राम पंचायत तालनार में आयोजित विकसित भारत संकल्प में बीजापुर जिले के लिए केन्द्र द्वारा नियुक्त जिला प्रभारी ई श्रीनिवास संयुक्त सचिव डीपीआईआईटी, सीईओ जिला पंचायत रवि कुमार साहू, डिप्टी कलेक्टर विकास सर्वे, जनप्रतिनिध लव कुमार रायडू, दिनेश कुमार तेलम, चिन्ना राम तेलम, पार्वती कश्यप सहित जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ ही पंचायत पदाधिकारी तथा सैंकड़ों की संख्या में ग्रामीणजन सम्मिलित हुए। संयुक्त सचिव ई श्रीनिवास ने कार्यक्रम में राजस्व विभाग, कृषि विभाग, खाद्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, पशुधन विकास विभाग, सहकारी बैंक, ग्रामीण बैंक के द्वारा स्टॉल का अवलोकन कर पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से लाभान्वित किये जाने के निर्देश अधिकारी-कर्मचारियों को दिए। इस मौके पर उपस्थित सैंकड़ों लोगों ने आईईसी एलईडी वाहन से विकसित भारत संकल्प संदेश को तन्मयता से श्रवण किया। संकल्प यात्रा स्थल में पांडे मुर्गा स्कूल के बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की भी प्रस्तुति दी गई।

तालनार में आयोजित कार्यक्रम में संयुक्त सचिव ई श्रीनिवास ने उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इस विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य भारत सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी से अवगत कराना है, और इन योजनाओं से सभी पात्र लोगों को लाभान्वित करना है। उन्होंने कहा रंगीला गीत धरती करे पुकार और छू लो आसमान गीत पर सांस्कृतिक प्रस्तुति करने वाले बच्चों को ऊर्जा से भरे हुए है। छत्तीसगढ़ के तालनार के बच्चे किसी से कम नहीं हैं। आने वाले दिनों में निश्चित रूप से यहां के बच्चे डॉक्टर, इंजीनियर बनकर निकलेंगे, इसलिए उनके परिजन को उन पर ध्यान देना होगा।

## पीएम आवास के हितग्राहियों को मिली पूर्णता प्रमाण पत्र



**बीजापुर।** केंद्र सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने एवं इन योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों से संवाद करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन ग्राम पंचायत दुगोली में किया गया। इस दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राही जिन्होंने आवास समय सीमा के भीतर पूर्ण कर लिए हैं, उन्हें पूर्णता प्रमाण पत्र दिया गया। हितग्राहियों ने पूर्णता प्रमाण पत्र मिलने पर खुशी जाहिर करते हुए केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री आवास योजना की तारीफ करते हुए कहा कि आवासहीन परिवारों के लिए यह योजना संजीवनी के समान है।

## विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 1 जनवरी को

**बीजापुर।** फोटोयुक्त नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अहर्ता तिथि 1 जनवरी 2024 को प्रदेश में संपन्न कराया जाना है। इस हेतु आयोग द्वारा निर्धारित पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी किया गया है। फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 के अन्तर्गत मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 6 जनवरी को किया जावेगा। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 8 फरवरी को किया जाएगा। जो कि ऐसे मतदाता जिनकी उम्र 1 जनवरी को 18 वर्ष पूर्ण होगी तथा ऐसे भारतीय नागरिक जिनका नाम अभी तक किसी कारणवश मतदाता सूची में नहीं जुड़ पाया है, उन्हें अपना नाम मतदाता सूची में जोड़ने के लिए फार्म-6 भरकर संबंधित दस्तावेजों की छायाप्रति सहित जमा करना होगा।


## विष्णु देव साय मंत्रिमंडल का हुआ गठन
## भाजपा कार्यकर्ताओं ने की आतिशबाजी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

भाजपा दंतेवाड़ा मंडल के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने दंतेवाड़ा बस स्टैंड में आज छत्तीसगढ़ विधानसभा में विष्णु देव साय मंत्रिमंडल गठन के पश्चात आतिशबाजी कर मिष्ठान वितरण किया। इस दौरान ओजस्वी मंडावी, मुकेश शर्मा, पिंटू उईके, सुनिता भास्कर, पायल गुप्ता, जयदयाल नागेश, मुन्ना मरकाम, दीपक बाजपेयी, कुलदीप ठाकुर, जीडी बैरागी, रुपन मण्डल, खिरेन्द्र ठाकुर, राहुल असरानी, कुणाल ठाकुर, राहुल दुबे, साजन प्रताप, कामो कुंजाम, राजा शर्मा, मोहन ठाकुर, सुरेंद्र भास्कर, दंतेश्वरी सोरी, लक्ष्मी यादव, भूपेंद्र, कीर्ति, नीलम ठाकुर, कुंती झरना, सुमन ठाकुर, करण यादव, चन्दन ध्रुव, राज तिलक यादव, कमला बैरागी, गोलू स्वाई, हिमांशु परघनीया एवं समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## लर्निंग लाइसेंस बनाने लगा शिविर



**गीदम।** जनपद पंचायत गीदम परिसर में 22 दिसंबर को अस्थायी (लर्निंग) लाइसेंस शिविर का आयोजन प्रातः 10 बजे से संध्या 4 बजे तक किया गया। इस मौके पर 119 अस्थायी चालक अनुज्ञप्ति बनाई गयी। ज्ञात हो कि परिवहन विभाग द्वारा शिक्षार्थी अस्थायी चालक अनुज्ञप्ति शिविर आयोजित करके बनाये जा रहे है।

## प्रशिक्षणार्थियों से मिले एसबीआई के अधिकारी ...



**जगदलपुर।** एसबीआई ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में नि :शुल्क प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्रीय महाप्रबंधक देवरंजन मिश्रा, जिला कार्यक्रम प्रबंधक निलेश लखेरा एवं प्रबंधक सीएससी, टीएसए डिजीटल फिनान्स प्रदीप कुमार ने प्रशिक्षणार्थियों को मार्गदर्शन दिया। संस्थान के निदेशक हेमन्त सलाम ने क्षेत्रीय महाप्रबंधक का स्वागत कर चल रहे कार्यक्रम की जानकारी दी। वरिष्ठ संकाय सदस्य रूमा रॉय ने सखीयों को मार्गदर्शन दिया। इस मौके पर वरिष्ठ संकाय सदस्य एन मधुसूदन एवं कार्यालय सहायक दयाराम मौर्य, राहुल बघेल उपस्थित रहे।

## निधन

### सुरेन्द्र बहादुर सिंह



**कोंटा।** नगर के वरिष्ठ नागरिक सुरेन्द्र बहादुर सिंह का निधन शुक्रवार को कोण्टा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में हो गया। वे कुछ महीनों से काफी बीमार थे। स्व. सुरेन्द्र बहादुर सिंह सुकमा शिक्षा विभाग में डीएमसी के पद पर सेवा दे रहे बबलू चौहान के ससुर तथा पूर्व बीआरसी महेंद्र बहादुर सिंह पिंकू के पिता थे। वे चार दशक पूर्व ग्राम पंचायत कोण्टा में सरपंच पद का निर्वहन कर कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष के रूप में भी अपनी सेवा दिए थे। वे 74 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार शनिवार सुबह 9 बजे कोण्टा नगर पंचायत में होगा।

## योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों ने साझा किये अपने अनुभव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

गीदम ब्लॉक में विकसित भारत संकल्प यात्रा का अनवरत संचालन सभी ग्राम पंचायतों में हो रहा है। इसके अन्तर्गत आयोजित किये जा रहे शिविरों में हितग्राहियों की बड़ी भीड़ उमड़ रही है। केंद्र सरकार की योजनाओं से पात्र हितग्राहियों का रजिस्ट्रेशन करके उन्हें लाभान्वित किया जा रहा है। इससे ग्रामीण इसलिए भी उत्साहित हैं कि उनके घर के समीप ही उनकी समस्याओं का निराकरण हो रहा है। इस क्रम में गीदम ब्लॉक के हाउरनार व जावंगा में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जनपद पंचायत गीदम अध्यक्ष अंती वेक शामिल हुई।

इस दौरान हाउरनार ग्राम पंचायत के कार्यक्रम में प्रधान मंत्री आवास योजना से लाभान्वित हितग्राहियों शांति मण्डावी ने अपने अनुभव को साझा करते हुए बताया कि ग्रामीण अंचलों में निवासरत लोगों के लिए पक्का मकान सपने जैसा होता है, लेकिन प्रधानमंत्री आवास योजना की मदद से पक्के मकान का सपना पूरा हुआ और आज हमें इस शिविर के माध्यम से मकान का अभिनंदन पत्र भी जारी हो गया है।

## केन्द्रीय योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन की संयुक्त सचिव ने की सराहना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

- विकसित भारत संकल्प यात्रा की समीक्षा कर प्रगति को संतोषजनक बताया



भारत सरकार के संयुक्त सचिव एवं जिला प्रभारी ई श्रीनिवास ने बीजापुर जिले में तालनार और एरमनार में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा का अवलोकन किया तथा केन्द्र द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों के संचालन को प्रत्यक्ष तौर पर देखा। शिविरों में हर घर जल, आयुष्मान कार्ड, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्जवला योजना आदि के उपलब्धियों की जानकारी ली और पंजीयन की कार्यवाही की प्रगति का अवलोकन किया।

जिला कार्यालय बीजापुर के सभाकक्ष में आयोजित समीक्षा बैठक में प्रभारी सचिव ई श्रीनिवास ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के आयोजन की समीक्षा की तथा तालनार और एरमनार में आयोजित शिविर पर प्रसन्नता व्यक्त की। केन्द्र द्वारा संचालित प्रधानमंत्री आवास योजना के पंजीयन के प्रगति तथा निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण होने के लक्ष्य की जानकारी प्राप्त की गई। आयुष्मान कार्ड, शत-प्रतिशत हितग्राहियों को मिल सके, इसके लिए विशेष प्रयास कर लक्ष्य प्राप्त करने निर्देश दिये। उज्जवला योजना के पात्र हितग्राहियों का जल्द से जल्द पंजीयन की कार्यवाही पूर्ण कर योजना का लाभ देने के निर्देश दिये। ट्रायवल विभाग में महाविद्यालयीन छात्रों के छात्रवृत्ति की समस्या पर प्रस्ताव राज्य सरकार के माध्यम से भारत सरकार को भेजने कहा। नवोदय विद्यालय केन्द्रीय विद्यालय एवं एकलव्य विद्यालय के संचालन और प्रगति की समीक्षा कर इस वर्ष सभी भवनों को पूर्ण कर कक्षाएं संचालित करने निर्देश दिये।

संयुक्त सचिव ने विकसित भारत संकल्प यात्रा में आने वाली समस्याओं के निराकरण के लिए कंट्रोल रूम की स्थापना कर यथा समय समस्याओं को निराकरण करने निर्देश दिये। जिन लोगों ने संकल्प लिया है, उनकी एन्ट्री दैनिक रूप से हो इसे सुनिश्चित करने कहा गया। 26 जनवरी तक जिले के 100 ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा का कार्यक्रम और शिविर आयोजित हो, इस लक्ष्य को पूर्ण करने अधिकारियों को निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में हर घर जल एवं सौर सुजला योजना के प्रगति की जानकारी लेकर इस कार्य को तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में सीईओ जिला पंचायत रवि कुमार साहू, एसडीएम बीजापुर पवन कुमार प्रेमी, डिप्टी कलेक्टर उत्तम पंचारी, सहायक आयुक्त केएस मसराम, जिला महिला बाल विकास अधिकारी लुपेन्द्र महिनाग, उप संचालक कृषि पी कुसर्रे सहित शिक्षा विभाग, खाद्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

## सीईओ ने की स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

- आयुष्मान कार्ड की अद्यतन प्रगति और हितग्राहियों को इसका लाभ देने के दिए निर्देश



जिला पंचायत के सभाकक्ष में जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन द्वारा स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक आज ली गई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत केन्द्रीय स्वास्थ्य सुविधाओं की अद्यतन प्रगति का जायजा लेकर संबंधितों को निर्देश दिये कि कोई भी हितग्राही योजनाओं से वंचित ना हो और ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए आवश्यक कदम उठाएं।

इस समीक्षा बैठक में आयुष्मान भारत कार्ड की प्रक्रिया को सुधारने और अधिक लोगों को इसका लाभ प्राप्त करने में सहायक होने के लिए नए निर्देश के तहत आरसीएच पोर्टल के अंतर्गत योग दम्पति का पंजीयन, गर्भवती पंजीयन, एएनसी पंजीयन, शिशु पंजीयन और टीकाकरण से संबंधित मुद्दों पर चर्चा किया गया। यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया कि सभी आवश्यक दस्तावेज सही से भरे जा रहे हैं और नागरिकों को उनके अधिकार और योजनाओं के बारे में सही जानकारी मिल रही है। साथ ही, सिकल सेल अनीमिया, टीबी और अन्य स्वास्थ्य संबंधित बीमारियों पर भी विमर्श करते हुए स्वास्थ्य सुविधाओं और सुरक्षा में सुधार के लिए नए कदमों का प्रस्तुतीकरण करते हुए स्थानीय स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती से नेतृत्व करने के लिए और सामुदायिक सशक्तिकरण के माध्यम से लोगों को जागरूक करने के लिए कदम उठाने के निर्देश दिए। बैठक में संयुक्त कलेक्टर हिमांचल साहू व पीपीआईए फेलो दिव्या, डॉ संजय बशाक, डॉ मण्डल, डॉ देश दीपक, डॉ राजेश व अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

घर बैठे लोन पायें
• LOW INTEREST RATE •
बिजनेस लोन पर्सनल लोन होम लोन कार लोन मॉर्गेज लोन
LOW PROCESSING FEE
ITR फाईल करने का अंतिम अवसर 31 दिसम्बर तक
लोन लेने के लिए आज ही ITR बनवायें
मात्र- 499/-
ITR GST
कारगिल चौक, सुन्दर नगर, रायपुर (छ.ग.), मो. 9343916614

## श्रीनिवास रामानुजन की जयंती पर लगा गणित मेला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम



विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान व सरस्वती शिक्षा संस्थान की योजना अनुसार महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती पर 22 दिसंबर को गणित मेला का आयोजन प्रतिवर्ष किया जाता है। इसी कड़ी में सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय गीदम में गणित मेला दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें श्रीनिवास रामानुजन की जयंती के अवसर पर प्रश्नमंच, उल्टी गिनती, सीधी गिनती, पहाड़ा व वैदिक गणित से संबंधित प्रश्न भैया-बहनों से पूछे गए। भैया-बहनों ने सभी विधाओं में हिस्सा लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गणित के आचार्य जैन सिंह यादव, मनोज नेताम व हर्ष नेताम उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत में अतिथियों ने सर्वप्रथम श्रीनिवास रामानुजन के छायाचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम आरंभ किया। महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए अतिथियों ने कहा कि श्रीनिवास रामानुजन एक महान गणितज्ञ थे और हमारा देश गणित में इन महानुभाव के परिश्रम से ही बहुत आगे बढ़ा है। प्रतियोगिता में विजयी भैया-बहनों को पुरस्कृत किया गया। गणित के आचार्य-दीदियों ने भी भैया-बहनों को मार्ग दर्शन दिया। साथ ही गणित विषय को कैसे रोचक बनाएं इस पर प्रकाश डाला। विद्यालय के प्राचार्य विजय दुबे ने विजयी भैया-बहनों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## शासकीय योजनाओं का प्रचार वाहन पहुंचा आठ ग्राम पंचायतों में

**जगदलपुर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शासकीय योजनाओं का प्रचार वाहन शुक्रवार को कलेक्टर विजय दयाराम के. के मार्गदर्शन में बस्तर विकासखंड के कवि आसना और कुड़कानार, दरभा विकासखंड के ढोढरेपाल और डिलमिली, जगदलपुर विकासखंड के सिडमुर, नानगुर और लोहण्डीगुड़ा विकासखंड के गड़िया, बड़ेधरमाउर में पहुंचकर शासकीय योजनाओं की जानकारी देने हेतु कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में राजस्व विभाग, खाद्य विभाग, कृषि विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पशुधन विकास विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, सहकारी बैंक, भारतीय स्टेट बैंक के द्वारा स्टॉल लगाकर पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिया गया। संकल्प यात्रा स्थल में स्कूली बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की भी प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में विकसित भारत बनाने के लिए ग्रामीणों द्वारा शपथ लिया गया।

Health Town
यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30pm., सायं 7.00 to 8.30pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड,रायपुर (छ.ग.) फोनः 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरेकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
मो. 9406004581
मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप

### आश्रम के बच्चों को दी गई कानूनी जानकारी



**कांकेर।** पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अविनाश ठाकुर के मार्गदर्शन, उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय एवं बालको के विरुद्ध अपराध अन्वेषण विभाग नूपुर उपाध्याय के नेतृत्व में महिला रक्षा टीम और महिला सेल द्वारा 12 दिसंबर को कन्या आश्रम सिंगारभाट में निवासरत कन्याओं को गुड व बैड टॅच, छेड़छाड़, आत्मरक्षा, लैंगिक उत्पीड़न, साइबर सुरक्षा, बाल विवाह, पॉक्सो एक्ट व स्वच्छता के सम्बंध में विस्तृत जानकारी देते हुए भविष्य में ऐसे किसी भी प्रकार की परिस्थिति निर्मित होने पर मोबाइल द्वारा उप पुलिस अधीक्षक नूपुर उपाध्याय तथा महिला रक्षा टीम को बताने के निर्देश दिए गए।

### पुरुष व महिला वर्ग प्रो कबड्डी स्पर्धा 28 को

**दुर्गुकोंदल।** विकासखण्ड दुर्गुकोंदल के ग्राम पंचायत दमकसा के आश्रित ग्राम गुड़फेल में 28 दिसंबर को एक दिवस पुरुष व महिला वर्ग प्रो कबड्डी का आयोजन किया जाएगा। जिसमें पुरुष वर्ग में प्रथम पुरूस्कार 20 हजार रुपएं, द्वितीय पुरूस्कार 10 हजार रुपएं, तृतीय पुरूस्कार 5 हजार रुपएं, चतुर्थ पुरूस्कार 2500 रुपएं रखा गया है। महिला वर्ग में प्रथम पुरूस्कार 5 हजार रुपएं, द्वितीय पुरूस्कार 2500 रुपएं, तृतीय पुरूस्कार 1000 रुपए रखा गया है एवं अन्य पुरस्कार सहित ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। यह प्रतियोगिता पुरुष वर्ग में पंचायत स्तरीय होगा जो एक पंचायत के खिलाड़ी ही भाग ले सकते है। वही महिला वर्ग ओपन रहेगा।

### युवा शक्ति समाज सेवी संस्था ने कंबल बांटी



**चारामा।** नगर पंचायत चारामा एवं आसपास गांव में युवा शक्ति समाज सेवी संस्था द्वारा प्रतिवर्ष की भांति सैकड़ो जरुरतमंद व्यक्ति को ठंड से निजात दिलाने कंबल वितरण किया जा रहा हैं। संस्था अध्यक्ष उत्तम साहू एवं संरक्षक धर्मेन्द्र कुमार साहू ने बताया कि संस्था द्वारा विभिन्न सेवा प्रकल्प करते आ रहे हैं, जिसमें ठंड के दिनों में कंबल वितरण, गर्मी दिनों में पियाऊ, गौजल पात्र, गौसेवा, रक्तदान, पौधारोपण कार्य शामिल हैं। नगर पंचायत चारामा के लगभग सभी वार्डा में स्थानीय जनप्रतिनिधियो से सूची एवं आसपास गांव सें जानकारी जुटा कर सेवा कार्य कर रहे हैं, गांव के युवाओं को नर सेवा नारायण सेवा, रक्तदान महादान जैसे कार्य में जोड़े है। इस प्रकार के सेवा कार्या में संस्था, संरक्षक विजय राय, सचिव देवेन्द्र सिन्हा, उपाध्यक्ष अजय जगवानी, मदन जैन, अरुण साहू, लीकेश धृतलहरे, बोधन साहू, अश्वन सोनी, सूर्या नेवेन्द्र, पंकज यदु, अमित गुप्ता शामिल रहे।

# पुष्प स्टील माइंस में घुसकर कर्मचारियों पर हमला, हमलावरों पर मामला कायम

## बोदेली के सहदेव तुलावी, एड़गुड़ के जगदू राना व अन्य 20 से 25 महिलाएं हैं आरोपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

लोहत्तर थानांतर्गत पुष्प स्टील माइंस के अंदर घुसकर काम कर रहे कर्मचारियों पर बलपूर्वक हमला कर गाली गलौज करने और माइंस का संचालन बंद करने कहते हुए चोट पहुंचाने कि शिकायत पर पुलिस ने आरोपी बोदेली निवासी सहदेव तुलावी, एड़गुड़ निवासी जगदू राना व अन्य 20 से 25 महिलाओं के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

लोहत्तर थाना में शिकायत करने पहुंचे पुष्प स्टील एण्ड माइनिंग प्राली. के सूर्यशेखर तिवारी ने पुलिस को बताया कि 14 दिसंबर को सुबह साढ़े 7 बजें आरोपी बोदेली निवासी सहदेव तुलावी, एड़गुड़ निवासी जगदु राना के द्वारा आपराधिक षड़्यंत्र कर महिलाओ को भीड़ को लेकर पुष्प स्टील माइंस के अंदर में घुस कर काम कर रहे कर्मचारियों पर बलपूर्वक महिलाओ द्वारा गाली गलौज व हमला कराकर माइंस संचालन बंद कर दिए व सभी कर्मचारियों को धमकी दिया गया कि यहा से भाग जाए। इस घटना का परिसर में लगे कैमरे में रिकार्ड हुई है, जिसकी ई मेल के माध्यम से पुलिस अधीक्षक कांकेर को 14 दिसंबर को सुबह 9 बजें जानकारी दिया गया है। प्रशासन को पुलिस सुरक्षा प्रदान करने पर निर्देश दे सकता है, इसलिए प्रतिवादी संख्या 4 व




पुलिस अधीक्षक को याचिकाकर्ता को खनन कार्य शुरू करने के लिए आज से ही पुलिस सुरक्षा प्रदान करने का निर्देश दिया जाता है। यह भी निर्देश दिया जाता है कि कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ऐसा करेंगे, स्थिति की निगरानी करेंगे और याचिकाकर्ता कंपनी के खनन क्षेत्र में कानून और व्यवस्था की स्थिति को बनाए रखने के लिए ईमानदारी से प्रयास करेंगे। यह भी निर्देशित किया जाता है कि प्रतिवादी संख्या 3 और 4 यह सुनिश्चित करेंगें कि प्रतिवादी संख्या 7 कानून को अपने हाथ में नही लेगा और याचिकाकर्ता कंपनी के किसी भी कर्मचारी या उनके अनुबंधित श्रमितको के साथ हिंसा, हमला करने या घेरने या हमले की धमकी देने के किसी भी कार्य में शामिल न हो। माननीय उच्च न्यायालय के प्रभावी आदेश का उल्लंघन करते हुए बल का प्रयोग करते हुए कंपनी को बल पूर्वक व षडयंत्र पूर्वक बंद करा दिया गया। साथ ही मानसिक तनाव आए दिन अलग अलग तरीके से दिया जा रहा है। उक्त घटना में आई चोटो पर संज्ञान लेते हुए साजिसकर्ता नामित व्यक्तियों और कैमरे में दर्शित महिलाओं के मामला दर्ज करने की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 147, 394, 323, 120 (बी) आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## प्रवास : अधिवक्ता संघ की मांग पर की गई चर्चा

# बार एसोसिएशन भवन के शीघ्र निर्माण का प्रमुख न्यायाधीश ने दिया आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़ बिलासपुर के प्रमुख न्यायाधीश रमेश सिन्हा ने जिला न्यायालय कांकेर के परिसर का निरीक्षण किया। जिला अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों से चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान उनके साथ छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर के रजिस्ट्रार जनरल अरविंद कुमार वर्मा भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्य न्यायाधिपति सिन्हा ने संघ की ओर से बार एसोसिएशन के नवीन भवन के निर्माण की मांग को शीघ्र पूर्ण करने का आश्वासन भी दिया।

मुख्य न्यायाधीश सिन्हा जिला न्यायालय पहुंचे जहां पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश योगेश पारीक, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट भूपेन्द्र वासनीकर, एसपी दिव्यांग पटेल, अपर कलेक्टर एस अहिरवार सहित अन्य न्यायाधीशों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर मुख्य न्यायाधिपति का स्वागत किया। इसके उपरांत मुख्य न्यायाधीश ने जिला न्यायालय परिसर में स्थित ग्रंथालय कक्ष, जिला एवं सत्र न्यायालय कक्ष, अभिलेखागार कक्ष, सर्वर रूम, मालखाना, लेखा अनुभाग सहित प्रथम तल पर स्थित परिवार न्यायालय, स्टाफ कक्ष, डिफेंस काउंसिल रूम तथा किलकारी बेबी फीडिंग रूम का भी निरीक्षण कर जिला एवं सत्र न्यायाधीश से आवश्यक जानकारी प्राप्त किया। इस दौरान मुख्य न्यायाधीश सिन्हा ने




अधिवक्ता कक्ष का निरीक्षण किया, जहां पर जिला अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों ने उनका आत्मीय स्वागत किया। मुख्य न्यायाधिपति ने वहां उपस्थित अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि वह प्रदेश भर के जिलों में स्थित जिला न्यायालयों में आधारभूत आवश्यकताओं एवं विभिन्न संसाधनों की कमी का आंकलन करने निरीक्षण एवं अवलोकन कर रहे हैं। जिला न्यायालयों में आधारभूत संरचनाओं के अभाव को शीघ्र ही दूर किया जाएगा, इसके लिए माह जनवरी 2024 में बैठक भी आहूत की जाएगी, जिसमें प्रदेश भर के जिला न्यायालयों में भवनों एवं अन्य प्रकार की समस्याओं को दूर करने संबंधी निर्णय लिया जाएगा। स्वच्छ एवं अनुकूल वातावरण में ही बेहतर कार्य-प्रकृति विकसित होती है। अतः संसाधनों की कमियों को दूर करने आवश्यक कदम जल्द से जल्द उठाए जाएंगे। उन्होंने अधिवक्ता संघ के द्वारा की गई बार एसोसिएशन के नवीन भवन की मांग को जल्द ही पूर्ण करने का आश्वासन दिया।

# 101 बोतल कोडिन सिरप जब्त, आरोपी जेलदाखिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अविनाश ठाकुर एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मोहसिन खान के पर्यवेक्षण में थाना कांकेर पुलिस द्वारा एनडीपीएस एक्ट की कार्यवाही करते हुए आरोपी बरदेभाटा निवासी आदित्य सुरोजिया उर्फ लक्की सुरोजिया के कब्जे से 101 बोतल कोडिन कम्पोजिशन का सिरप जप्त किया गया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली पुलिस को मुखबीर से जानकारी मिला था कि अलनियापारा रोड में आरोपी लक्की सुरोजिया सिरप की बिक्री कर रहा है। मिली जानकारी कि तस्दीक कर पुलिस की टीम उक्त स्थान कि ओर कार्यवाही के लिए रवाना हुई। आरोपी को अलनियापारा रोड के पास पकड़ा गया, जिसके कब्जे से 101 बोतल कोडिन कंपोजिशन का ओमेरॉक्स टी सिरप जप्त किया गया। पूछताछ में उक्त सिरप को धमतरी से खरीदना बताया है। इसके संबंध में भी विवेचनाकी जा रही है। आरोपी के खिलाफ धारा एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर किया गया। गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल दाखिल किया गया है।

# विश्वकर्मा योजना के तहत 18 प्रकार के व्यापारियों का होगा चयन, मिलेगा लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत पारंपरिक कौशल को आधुनिकता से जोड़कर निखारने का कार्य किया जा रहा है। इस योजना के माध्यम से 18 प्रकार के व्यापार जैसे बढ़ई, नाव बनाने वाला, अस्त्रकार, लोहार, ताला बनाने वाला, हथौड़ा टूलकिट निर्माता, सुनार, कुम्हार, मूर्तिकार, मोती, राजमिस्त्री, डलिया, चटाई, झाड़ू बनाने वाले, पारंपरिक गुड़िया और खिलौने बनाने वाले, नाई, मालाकार, धोबी, दर्जी, मछली का जाल बनाने वाले निर्माता को चयनित कर लाभान्वित किया जाएगा। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत पारम्परिक शिल्पकार व कारीगर आधार कार्ड, लिंक मोबाइल नंबर तथा बैंक पासबुक के साथ अपने नजदीकी ग्राहक सेवा केन्द्र सीएससी में पंजीयन करा सकते हैं। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक ने बताया कि योजना के तहत चयनित हितग्राहियों को प्रमाण-पत्र और विश्वकर्मा परिचय पत्र दिया जाएगा। इन कारीगरों के पारंपरिक कौशल को निखारने के लिए 05 से 07 दिवस का निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण की व्यवस्था की जाएगी, जिसमें 500 रूपए प्रतिदिन की दर से छात्रवृत्ति दी जाएगी। सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूर्ण करने के बाद यंत्र एवं औजारों के लिए 15 हजार रूपए की अनुदान सहायता भी उपलब्ध कराई जाएगी। इच्छुक हितग्राहियों को पहले चरण में एक लाख रूपए और दूसरे चरण में दो लाख रूपए तक की वित्तीय सहायता मात्र 05 प्रतिशत ब्याज दर पर बैंकों द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा। इस योजना का लाभ लेने के लिए आवश्यक दस्तावेज आधार कार्ड, मोबाइल नंबर, बैंक विवरण, राशन कार्ड तथा आवेदक की आयु पंजीकरण तिथि में न्यूनतम 18 वर्ष होनी चाहिए। हितग्राही राज्य या केन्द्र सरकार की किसी भी स्वरोजगार के लिए 05 वर्ष में ऋण न लिया हो। योजना में परिवार के किसी एक सदस्य को ही लाभ दिया जाएगा एवं सरकारी सेवा में कार्यरत व्यक्ति और उसके परिवार के सदस्य पात्र नहीं होंगे। विस्तृत जानकारी के लिए कार्यालय महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र कांकेर से संपर्क किया जा सकता है।

## बेकाबू मोटरसायकिल पेड़ से टक्कराई, चालक की मौत

**कांकेर।** बड़गांव थानांतर्गत दोड़देकादर के प्राथमिक स्कूल के पास करीबन रात साढ़े 8 बजें मोटर सायकल को तेजी एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर झाड़ को टक्कर मारने से एक्सीडेन्ट हो गया, जिससे गंभीर चोट आने पर चालक का मौत हो गया था। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया था।

पुलिस से मिली जानकारी के मर्ग जांच में पाया कि मृतक आरोपी वाहन चालक पखांजुर थाना क्षेत्र के पीव्ही 1 रामनगर निवासी अमित शील पिता प्रदीप शील 4 दिसंबर को मोटर सायकल क्रमांक सीजी 05 एन 0580 को स्वयं चलाकर कोण्डे बाजार से अपने घर वापस जा रहा था। ग्राम दोड़देकादर प्राथमिक स्कूल के पास रात करीबन साड़े 8 बजे बाइक को तेजी एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर झाड़ को टक्कर मारने से एक्सीडेन्ट हो गया। घायल चालक को ईलाज के लिए पखांजुर अस्पताल ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ धारा 304(ए) आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

# जनमिलिशिया के दो सदस्य गिरफ्तार, पुलिस कामयाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पखांजुर डॉ. प्रशांत शुक्ला के मार्गदर्शन पर अनुविभागीय अधिकारी पखांजुर रवि कुजुर एवं उप पुलिस अधीक्षक सिद्धांत तिवारी के पर्यवेक्षण में



जनमिलिशिया सदस्य छोटेबेठिया थाना क्षेत्र के आलदण्ड निवासी 35 वर्षीय सुरेश कतलामी पिता स्व. सनकु कतलामी को पीव्ही 92 चौक से थाना छोटेबेठिया, डीआरजी, बीएसएफ बल के संयुक्त टीम द्वारा एमसीपी ड्यूटी के दौरान पकड़ा गया। पूछताछ करने पर बताया कि 30 अक्टूबर 2023 को ग्राम मारखण्डी के तीन ग्रामीण मनोज कोवाची, कुल्लेराम कतलाम और दोगे कोवाची मोरखण्डी निवासी का अपहरण एवं हत्या करने में शमिला होना कबूल किया, जिसे गिरफ्तार कर कार्यवाही किया गया है। वही जनमिलिशिया सदस्य नारायणपुर जिला के मलमेटा निवासी 28 वर्षीय रामसाय उइके पिता चमरा राम उइके को थाना परतापुर, बस्तर फाईटर, बीएसएफ बल के संयुक्त टीम द्वारा साप्ताहिक बाजार माहला से पकड़ा गया। पूछताछ करने पर बताया कि 14 दिसंबर 2023 को ग्राम परतापुर सड़कटोला मंदिर टेकरी के पास आईईडी ब्लास्ट में रहना कबूल किया। आईईडी ब्लास्ट में आरएसओ ड्यूटी में लगे बीएसएफ का प्रधान आरक्षण अखिलेश कुमार राय शहीद हो गया था। आरोपी को गिरफ्तार कर कार्यवाही किया गया है।

# पीएम जनमन योजना का विशेष पिछड़ी जनजाति को मिलेगा लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

प्रधानमंत्री जनमन योजना का जिले में प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए जिला कार्यालय के सभाकक्ष में विभिन्न विभागों की



बैठक संपन्न हुई। बैठक में उक्त योजना के तहत जिले के विशेष पिछड़ी जनजाति के परिवारों को शासन की योजनाओं से लाभान्वित करने एवं उनके गांवों में बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए कार्ययोजना पर चर्चा की गई।

कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला के निर्देशानुसार उक्त योजना के तहत पीवीटीजी परिवारों को लाभान्वित करने के लिए घर घर जाकर सर्वे किया जाना है, ताकि उनके परिवार का कोई भी सदस्य वंचित न हो सके। बैठक में एडीएम एस अहिरवार ने बताया कि प्रधानमंत्री जनमन योजना केन्द्र सरकार की महत्वपूर्ण योजना है, जिसका उद्देश्य विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूहों की सामाजिक तथा आर्थिक स्थिति में उत्तरोत्तर सुधार करना है, ताकि उनका त्वरित गति से विकास सुनिश्चित किया जा सके, इसके साथ ही प्रत्येक परिवार को शासकीय योजना का लाभ मिल सके। बैठक में एडीएम ने अधिकारियों से विशेष पिछड़ी जनजाति समूह के गांवों में सड़क, पक्का आवास, विद्युत, स्कूल, पेयजल, राशन, आंगनबाड़ी सहित सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि जिले के 13 गांवों में विशेष पिछड़ी जनजाति समूह कमार के लगभग 72 परिवार निवासरत हैं, जिनका निर्धारित बिन्दुओं में सर्वे कर प्रधानमंत्री जनमन योजना के माध्यम से शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया जाना है। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।







